सीएसआईआर - केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी

सं. 4/2-2(8)/2021-स्था.I दिनांक: 15.12.2023

कार्यालय ज्ञापन

विषय: विज्ञापन सं. 04/2022 दिनांक 26.09.2022 के अंतर्गत प्रशासनिक पदों पर भर्ती हेतु टंकण परीक्षा तथा आशुलिपि परीक्षा के संबंध में।

संस्थान के विज्ञापन सं. 04/2022 दिनांक 26.09.2022 के अंतर्गत विभिन्न प्रशासनिक पदों [कनिष्ठ सचिवालय सहायक (सामान्य/ वित्त एवं लेखा/ भंडार एवं क्रय) और कनिष्ठ आशुलिपिक (हिंदी/ अंग्रेजी)] पर भर्ती हेतु सभी योग्य अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि -

- संस्थान में दिनांक 26.12.2023 से 31.12.2023 तक आयोजित होने वाली कनिष्ठ सचिवालय सहायक (सामान्य/ वित्त एवं लेखा/ भंडार एवं क्रय) और कनिष्ठ आशुलिपिक (हिंदी/ अंग्रेजी) के पदों पर भर्ती हेतु टंकण परीक्षा तथा आशुलिपि परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को टंकण एवं आशुलिपि के लिए परीक्षा माध्यम में रियायत देते हुए सूचित किया जाता है कि उक्त दोनों परीक्षा हेतु कोई भी अभ्यर्थी उपयुक्त कारण (valid reason) के आधार पर परीक्षा के समय परीक्षा का माध्यम बदलने हेतु अनुरोध कर सकता है।

- सभी अभ्यर्थियों को आगामी परीक्षा हेतु रजिस्टर्ड ई-मेल पर प्रवेश पत्र भेज दिए गए हैं, यदि किसी अभ्यर्थी को दिनांक 15.12.2023 तक प्रवेश पत्र (Admit Card) प्राप्त नहीं हुआ है तो कृपया दिनांक 21.12.2023 तक ई-मेल - recruitment@ceeri.res.in पर अपना नाम, रजिस्ट्रेशन नंबर के साथ ई-मेल करें।

- सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा हेतु कृपया एक घंटे पहले परीक्षा स्थल पर पहुँचे तथा परीक्षा स्थल के मेन गेट पर निरीक्षकों के निर्देशानुसार अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। उपस्थिति दर्ज नहीं करवाने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता परीक्षा के किसी भी चरण में रद्द की जा सकती हैं।

उक्त सभी अपडेट्स (updates) हेतु सीएसआईआर-सीरी की वेबसाइट www.ceeri.res.in को नियमित रूप से देखें।

15/12/2023

(जे.एस. शर्मा)
प्रशासन नियंत्रक